देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 205 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
कास्ट सेंसस करवाना व्यावहारिक नही



# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 22 नवंबर 2023



मौसम — अधिकतम 24.0° न्यूनतम 13.0° | 65930.77

2 हमास के हमदर्द चीन का इशारा | 7 सूर्यकुमार यादव का प्रमोशन

# टीवी चैनलों को सरकार की सख्त सलाह

## सुरंग बचाव कार्यों से जुड़ी खबरों को सनसनीखेज न बनाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सरकार ने मंगलवार को निजी टेलीविजन चैनलों को परामर्श जारी कर कहा कि उन्हें उत्तराखंड के सिल्कयारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों के बचाव अभियान से जुड़ी खबरों को सनसनीखेज बनाने से बचना चाहिए।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी परामर्श में निजी समाचार चैनलों से कहा गया है कि वे अपनी खबरों के प्रसारण के दौरान संवेदनशील रहें, खासकर बचाव कार्यों से जुड़ी खबरों की हेडलाइन और वीडियो में। परामर्श में कहा गया है कि सुरंग में फंसे हुए श्रमिकों के परिवारों के सदस्यों की मनोवैज्ञानिक स्थिति पर इन खबरों का प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसमें कहा गया है कि बचाव अभियान से जुड़े वीडियो फुटेज और अन्य तस्वीरों के प्रसारण से मौजूदा अभियान पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। परामर्श में टीवी चैनलों से कहा गया है कि वे इस मुद्दे को सनसनीखेज बनाने और सुरंग के आसपास चल रहे बचाव अभियान का सीधा प्रसारण करने से परहेज करें। इसमें समाचार चौनलों से यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि कैमरामैन, संवाददाताओं या विभिन्न उपकरणों की उपस्थिति से बचाव अभियान किसी भी तरह से बाधित नहीं हो।

बता दें कि पिछले नौ दिन से सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों तक छह इंच की पाइपलाइन के जरिए खिचड़ी भेजने के कुछ घंटों बाद बचावकर्मियों ने मंगलवार को तड़के उन तक एक कैमरा भेजा और उनके सकुशल होने का पहला वीडियो जारी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पुनरू फोन कर निर्माणाधीन सुरंग में फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए चलाए जा रहे बचाव एवं राहत कार्यों की जानकारी ली।

इस बीच, अमेरिकी ऑगर मशीन के जरिए बड़े व्यास के माइल्ड स्टील पाइप डालकर एस्केप पैसेज बनाने का काम तीन दिन बाद फिर शुरू हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सोमवार देर शाम दिल्ली से एंडोस्कोपिक फ्लैक्सी कैमरा आने के बाद इसे सुरंग के अंदर भेजा गया। उन्होंने कहा कि जारी किये गये वीडियो में एक–दूसरे से बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह इन श्रमिकों के परिवारों के लिए एक बड़ी राहत है।



### पीएम मोदी ने लिया रेस्क्यू ऑपरेशन पर अपडेट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पुनः फोन कर सिलक्यारा, उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सुरंग में फँसे श्रमिकों के राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने पीएम को 6 इंच व्यास की पाइप लाइन के सफलतापूर्वक मलबे के आर पार किए जाने एवं इसके माध्यम से भोजन एवं अन्य आवश्यक सामान श्रमिकों तक पहुँचाने के विषय में अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों से एंडोस्कोपिक फ्लेक्सी कैमरे की मदद से हुई बातचीत एवं उनकी कुशलता की जानकारी भी पीएम को दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी श्रमिकों को सुरक्षित निकालना हमारी शीर्ष प्राथमिकता है।

### अंतर्राष्ट्रीय टनलिंग विशेषज्ञ ने कहा कि जल्द घर वापस आएंगे मजदूर

उत्तरकाशी। अंतर्राष्ट्रीय टनलिंग विशेषज्ञ, अर्नाल्ड डिक्स ने कहा कि पिछले कुछ घंटों में हमें जो खबर मिली है, वह निश्चित रूप से शानदार है। उन लोगों के चेहरे देखना बहुत अच्छा है जिन्हें हम घर लाने जा रहे हैं। हमारे पास उनके लिए भोजन है अब, हमारे पास उनसे संचार है। आपने आज सुबह देखा कि हमारे पास बचाव के लिए कई दृष्टिकोण हैं। यह एक अच्छी सुबह है। गौरतलब है कि 12 नवंबर को सुरंग में फंसने के बाद एंडोस्कोपिक फ्लेक्सी कैमरे की मदद से पहली बार फंसे हुए श्रमिकों के दृश्य सामने आए। सभी मजदूर सुरक्षित हैं और जल्द ही बाहर निकलने की उम्मीद लगाए हुए हैं। मजदूरों से अधिकारियों ने बात की।

## संक्षिप्त समाचार

### यंग इंडिया और एजेएल की 752 करोड़ की संपत्ति जब्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कांग्रेस से जुड़े एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड और यंग इंडिया के 751 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत की गई है, जिसमें दिल्ली, मुंबई और लखनऊ जैसे कई शहरों में फैले संपत्ती को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया गया है।

### सभी विभाग आरक्षण के प्राविधानों को पूर्णतः लागू करे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को सभी महकमे में आरक्षण (संशोधन) अधिनियम – 2023 के प्रविधानों को तेजी से लागू किए जाने को ले मुख्यमंत्री आवास स्थित संकल्प कक्ष में उच्चस्तीय बैठक की। मुख्य सचिव आमिर सुबहानी व डीजीपी आमिर सुबहानी सहित सभी विभागों के आला अधिकारी इस दौरान मौजूद थे।

# कांग्रेस ने जल, जंगल और जमीन को बेचा

## पीएम मोदी बोले- मंत्री और विधायक बेलगाम, जनता त्रस्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जयपुर। पीएम नरेंद्र मोदी करौली में सभा करने के बाद जयपुर पहुंचे। जिसके बाद पीएम मोदी का रोड शो हुआ। पीएम मोदी खुली जीप में सवार होकर चार किलोमीटर लंबे रोड शो पर निकले। उनके साथ जीप पर प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी मौजूद रहे। राजस्थान में होने वाले विधानसभा का चुनाव–प्रचार अपने अंतिम दौर में पहुंच गया है। इसी के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बारां के अंता विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला।

पीएम मोदी ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के लोगों के साथ बीजेपी के हमेशा से बहुत खास रिश्ते रहे हैं। पीएम ने कहा कि राजस्थान की यही पुकार है कि यहां भाजपा सरकार आ रही है।

प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए आगे कहा कि मोदी ने कहा कि राजस्थान की लाल डायरी की जमकर चर्चा हो रही है। जैसे–जैसे इस लाल डायरी के पन्ने पलट रहे हैं, जादूगर का चेहरा उतरता जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह लाल डायरी बताती है कि पिछले पांच साल में कांग्रेस सरकार ने आपका जल, जंगल और जमीन को कैसे बेचा है।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत की आजादी के 75 साल हो गए हैं। अब हमारे सामने विकसित भारत का लक्ष्य है। राजस्थान को विकसित बनाए बिना भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य अधूरा है, लेकिन जब तक देश के तीन दुश्मन भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टिकरण हमारे बीच हैं।

### जनता को लुटेरों, दंगाइयों के हवाले किया

पीएम मोदी ने राजस्थान सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में मंत्री, विधायक सब बेलगाम हैं और जनता त्रस्त है। कांग्रेस ने राजस्थान की जनता को लुटेरों, दंगाइयों, अत्याचारियों और अपराधियों के हवाले कर दिया है। आज कांग्रेस के समर्थन से राजस्थान में समाज विरोधी ताकतों के हौसले बुलंद हैं। झालावाड़ में दलित युवकों के साथ क्या हुआ, वो पूरे देश ने देखा हैं।

# वर्ल्डकप जीत जाते, लेकिन पनौती ने हरवा दिया: राहुल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जालौर। राजस्थान के जालौर में राहुल गांधी ने कहा कि हमारे लड़के क्रिकेट विश्व कप जीत जाते लेकिन पनौती ने हरवा दिया। दरअसल, जनसभा में कुछ लोग पनौती–पनौती चिल्लाने लगे। इस पर राहुल गांधी ने कहा– अच्छा भला वहां हमारे लड़के विश्वकप जीत जाते, लेकिन पनौती ने हरवा दिया। टीवी वाले ये नहीं कहेंगे। लेकिन जनता जानती है। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी पहले कहते थे कि मैं ओबीसी हूं। हर भाषण में ओबीसी हूं। पिछड़ों का अपमान किया। मेरा अपमान किया। मैं पिछड़ा हूं। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम के विश्वकप हारने के बाद ट्वीटर पर पनौती शब्द ट्रेंड करने लगा है। इससे पहले उदयपुर के वल्लभनगर में राहुल गांधी ने प्रदेश में जातीय जनगणना कराने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में हर वर्ग की भागीदारी के लिए देश में जातीय जनगणना की जरूरत है। पता चलना चाहिए कि कितना धन किस वर्ग के पास है। जातीय जनगणना देश का एक्सरे है।

इस बीच उन्होंने मीडिया पर भी बात करते हुए कहा कि मीडिया को मोदी और अडानी चलाते हैं। किसान और मजदूर टीवी पर नहीं दिखते, जबकि शाहरूख खान, ऐश्वर्या राय और क्रिकेट मैच दिख जाएगा। उत्तराखंड में मजदूर फंसे है, लेकिन मीडिया क्रिकेट की बात करती है। मीडिया में केवल पीएम मोदी का चेहरा दिखता है।

**वार**

■राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला

### जीतना और हारना खेल का हिस्साः बीजेपी

बीजेपी ने कहा कि पीएम मोदी ने सभी खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें प्रेरित किया। जीतना या हारना खेल का हिस्सा है। आपको इस बयान को लेकर माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस नेता को अतीत से सीख लेने की सलाह की जरूरत है।


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# आप वास्तव में एक 'अग्निकन्या'

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और एमडी मुकेश अंबानी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की खूब तारीफ की। बंगाल वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन (बीजीबीएस) में बोलते हुए मुकेश अंबानी ने ममता बनर्जी को अग्निकन्या बताया। इसके साथ ही उन्होंने बंगाल में अगले तीन वर्षों में 20,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की।

### मुकेश अंबानी ने की ममता बनर्जी की तारीफ

अंबानी ने कहा कि ताजा निवेश डिजिटल जीवन समाधान, खुदरा और जैव–ऊर्जा के क्षेत्र में होगा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुकेश अंबानी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जिक्र किया। उन्होंने कहा, जैसा कि दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी ने आपका वर्णन किया था, आप वास्तव में एक अग्निकन्या हैं। संघर्ष और बलिदान की अग्नि ने आपको और आपके स्वर्णिम चरित्र को और अधिक उज्ज्वल बना दिया है। अब आप शोनार बांग्ला को और अधिक उज्ज्वल बना रही हैं। अंबानी ने जैसे ही ममता बनर्जी को अग्निकन्या कहा वैसे ही दादा (सौरव गांगुली) मुस्कुराने लगे।

## न्यूज डायरी



### समलैंगिक जोड़ों के इन अधिकारों के लिए थाईलैंड में ग्रीन सिग्नल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बैंकॉक। थाईलैंड की कैबिनेट ने मंगलवार को समलैंगिक विवाह की अनुमति देने के लिए अपने नागरिक संहिता में संशोधन को मंजूरी दे दी। इस उम्मीद के साथ कि मसौदा अगले महीने संसद में प्रस्तुत किया जाएगा। उप सरकारी प्रवक्ता करोम पोलपोर्नक्लांग ने कहा कि नागरिक और वाणिज्यिक संहिता में संशोधन से समान–लिंग वाले जोड़ों के लिए पुरुष और महिला, पति और पत्नी शब्द को व्यक्ति और विवाह भागीदार में बदल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून समान–लिंग वाले जोड़ों के बीच रिश्ते में परिवार बनाने के अधिकार की गारंटी देगा। उन्होंने कहा कि अगला कदम समान–लिंग वाले जोड़ों को भी मान्यता देने के लिए पेंशन फंड कानून में संशोधन होगा। प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने संवाददाताओं से कहा कि मसौदा कानून 12 दिसंबर को संसद में प्रस्तावित होने की उम्मीद है। यदि यह संसद की मंजूरी और राजा महा वजिरालोंगकोर्न के समर्थन के बाद कानून बन जाता है, तो ताइवान और नेपाल के बाद थाईलैंड एशिया में तीसरा स्थान होगा, जहां समलैंगिक विवाह की अनुमति दी जाएगी। एलजीबीटीक्यू मित्रवत देश होने के लिए प्रसिद्ध होने के बावजूद थाईलैंड ने विवाह समानता कानून पारित करने के लिए संघर्ष किया है। संसद ने पिछले साल विवाह समानता या नागरिक संघों की अनुमति देने के लिए कई कानूनी संशोधनों पर बहस की, जो समान–लिंग वाले जोड़ों को विषमलैंगिक जोड़ों के समान सभी अधिकार प्रदान नहीं करते हैं।

### लश्कर–ए–तैयबा को इजरायल ने माना आतंकी संगठन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। इजरायल पर 7 अक्टूबर को हमास ने आतंकी हमला किया था। तब से हमास और इजरायल के बीच युद्ध जारी है। इस बीच इजरायल ने भारत के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। इजरायल ने लश्कर–ए–तैयबा को एक आतंकी संगठन घोषित किया है। भारत में इजरायल के दूतावास ने मंगलवार को कहा कि 2008 के मुंबई आतंकी हमलों की याद के 15 वर्ष के प्रतीक के रूप में इजरायल ने लश्कर ए तैयबा को एक आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। इस कदम से इजरायल ने एक बड़ा डिप्लोमैटिक दांव खेला है। 26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान से आए लश्कर के आतंकियों ने मुंबई में हमला किया था। हमला मुंबई पर हुआ था, लेकिन इससे पूरा देश हिल गया। ऐसे में हर साल 26 नवंबर को पूरा देश दुखी हो जाता है। भारत सरकार की ओर से ऐसा कोई भी अनुरोध नहीं किया गया था, इसके बावजूद इजरायल ने औपचारिक तौर पर सभी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं। लश्कर–ए–तैयबा को आधिकारिक तौर पर आतंकी संगठनों की लिस्ट में शामिल कर लिया गया है। इजरायल ज्यादातर उन आतंकी संगठनों को लिस्ट में डालता है जो उसकी सीमाओं के अंदर या उसके आसपास या उसके खिलाफ सक्रिय तरीके से काम कर रहे हैं।

### बुशरा बीबी के पूर्व पति का सनसनीखेज खुलासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष इमरान खान लगातार विवादों में हैं। फिलहाल वह जेल में हैं। इमरान की पत्नी बुशरा बीबी के पूर्व पति खावर मानेका ने इमरान खान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इमरान की तीसरी शादी और अपने तलाक को लेकर सनसनीखेज खुलासा किया है। जियो न्यूज के एक प्रोग्राम में मानेका ने कहा कि इमरान ने उनकी शादीशुदा जिंदगी को बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा, हमारी शादी 28 साल तक चली। हमारी जिंदगी बेहद खुशी से चल रही थी और इमरान खान ने इसे बर्बाद कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि बुशरा बीबी ने 2017 में तलाक के डेढ़ महीने बाद ही इमरान से शादी कर ली। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उनके बच्चों और उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। जब मीडिया में खबरें आईं तो भी मैंने इससे इनकार किया था। इमरान खान ने जनवरी 2018 में बुशरा बीबी से शादी कर ली थी। उन्होंने कहा, मेरी मां कहती थी कि इमरान खान अच्छा आदमी नहीं है, उसे घर में मत आने दो। बुशरा बीबी जब मानेका की पत्नी थीं, तब भी वह इमरान खान से देर रात तक बात किया करती थीं। छह महीने पहले बुशरा बीबी अलग हो गईं और अपने मायके चली गईं।

# इजरायल के अंत तक करते रहेंगे हम हमला

धमकी

## भारत आ रहे जहाज का अपहरण करने वाले हूतियों ने दी धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**




तेलअवीव। तुर्की से भारत आ रहे मालवाहक जहाज गैलक्सी लीडर का लाल सागर से अपहरण करने वाले यमन के हूती विद्रोहियों ने इस पूरी घटना का वीडियो जारी कर दिया है। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने हेलिकॉप्टर की मदद से इस जापानी स्वामित्व वाले जहाज पर काबू पाया। हूती विद्रोही जहाज पर उतर गए और हथियारों के बल पर इस पर कब्जा कर लिया। इस जहाज का आंशध्कि मालिकाना हक इजरायल के एक अरबपति के पास भी है। अब हूती विद्रोहियों के राजनीतिक ब्यूरो के एक सदस्य ने चेतावनी दी है कि इजरायल के अंत तक उनका संगठन ये हमले करते रहेगा। उसने यह भी दावा किया कि हूतियों ने ईरान के कहने पर यह कार्रवाई नहीं की है।

हूती विद्रोहियों के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य अली अल–कहौम ने चेतावनी दी कि उनका संगठन 2,000 किमी तक की रेंज वाले ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल कर रहा है। कहौम ने कहा, हम फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ यहूदी आक्रमण और यहूदियों के समर्थन में अंतरराष्ट्रीय और अमेरिकी आह्वान के खिलाफ मूक दर्शक नहीं बने रहेंगे। वहीं हूती राजनीतिक ब्यूरो के एक अन्य सदस्य मुहम्मद अल–बुखैती ने अल–जजीरा को बताया कि यदि गाजा में युद्ध समाप्त नहीं हुआ तो इस्लामिक क्रांतिकारी आतंकवादी समूह के पास इजरायल पर हमला करने के लिए कई विकल्प हैं।

बुखैती ने चेतावनी दी कि अगर गाजा युद्ध जारी रहा तो संघर्ष का विस्तार होगा। उन्होंने आगे कहा कि हूती ईरान के उस निर्देश पर काम नहीं कर रहे थे जिसमें समूह को इजरायल का ध्यान भटकाने और गाजा पर कुछ दबाव कम करने की कोशिश के लिए कहा गया था। हूती सदस्य ने कहा कि वे अमेरिका का भी सामना करने को तैयार हैं। हूतियों के जनरल स्टाफ के उप प्रमुख, मेजर–जनरल अली हमूद अल–मुश्की ने चेतावनी दी कि उनका संगठन इजरायल के अंदर और बाहर दोनों जगह लक्ष्यों पर हमला करना जारी रखेगा। हमूद अल–मुश्की ने कहा, हम फिलिस्तीनी लोगों के साथ हैं, और जब तक यहूदी दुश्मन अपने अपराधों को जारी रखेगा और फिलिस्तीन के लोगों को मारता रहेगा, हम यहूदी दुश्मन के खिलाफ खड़े रहेंगे। इसके अलावा हूतियों ने अपने कब्जे में लिए मालवाहक जहाज के फुटेज भी जारी किए। इस घटना के फुटेज को हूतियों के टीवी चैनल अल मसीरा ने उस दिन के बाद जारी किया है जब जहाज को ईरान समर्थित समूह द्वारा अपहरण कर लिया गया था।

हूतियों का कहना था कि यह जहाज इजरायल से जुड़ा हुआ था। हालांकि, इजरायल का कहना है कि जब्त किए गए जहाज का स्वामित्व ब्रिटिश था और इसका संचालन जापानी करते हैं। इस बीच गैलेक्सी लीडर जहाज के मालिक ने कहा कि जहाज अब यमन के बाहर होदेदाह बंदरगाह क्षेत्र में है। कंपनी ने कहा कि, श्जहाज के साथ सभी संचार बाद में बंद हो गए। कंपनी राजनीतिक या भू–राजनीतिक स्थिति पर आगे कोई टिप्पणी नहीं करेगी।

## दक्षिण अफ्रीका की कार्रवाई से पहले इजरायल ने उठाया बड़ा कदम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जोहान्सबर्ग। हमास के साथ चल रहे युद्ध के बाद से इजरायल और दक्षिण अफ्रीका के बीच संबंध बिगड़ते ही जा रहे हैं। इजरायल ने दक्षिण अफ्रीका में होने वाले संसदीय मतदान से पहले अपने राजदूत को वापस बुला लिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल ने दक्षिण अफ्रीका में अपने राजदूत एलियाव को यरुशलम वापस आने का निर्देश दिया है। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने सोमवार देर रात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए इसकी जानकारी दी है। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका में मौजूद इजरायली राजदूत को विचार–विमर्श के लिए यरुशलम बुलाया गया है। गाजा पर जारी इजरायली सेना की कार्रवाई के बाद से दोनों देशों के राजनयिक संबंधों में तनाव बढ़ा है। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने हाल ही इजरायल की कार्रवाई पर सवाल उठाए थे। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति ने कहा था कि उनका देश मानता है कि इजरायल गाजा में युद्ध अपराध और नरसंहार कर रहा है, जहां हजारों फलस्तीनी मारे गए हैं। इसके साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि उसने गाजा में जारी इजरायल के नरसंहार की जांच के लिए मामले को अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत में भेजा है।



## पुतिन करने जा रहे सबसे बड़ी मिसाइल सतान-2 का टेस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। यूक्रेन को लेकर नाटो के साथ चल रहे तनाव के बीच रूस दक्षिणी ध्रुव से दुनिया की सबसे बड़ी मिसाइल सतान–2 का परीक्षण करने जा रहा है। इस परीक्षण के साथ ही यह किलर हाइपरसोनिक परमाणु मिसाइल युद्धक ड्यूटी के लिए तैयार हो जाएगी। यह मिसाइल तूफानी रफ्तार से आगे बढ़ती है और अमेरिका तक मार करने की क्षमता रखती है। यह मिसाइल 14 मंजध्लिा ऊंची है और इसका वजन 208 टन है। इस मिसाइल को RS–28 सरमत के नाम से भी जाना जाता है। पुतिन की सेना की पहली रेजिमेंट अगले महीने से इसे युद्धक ड्यूटी पर तैनात कर सकती है। वहीं कई विशेषज्ञ इसकी क्षमता को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

# हमास के हमदर्द चीन का इशारा, इजरायल के साथ डटा भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तेलअवीव। इजरायल के गाजा पट्टी पर भीषण हमलों के बीच ब्रिक्स देश एक वर्चुअल शिखर सम्मेलन करने जा रहे हैं। इस बैठक को ब्रिक्स प्लस नाम दिया गया है। इस शिखर सम्मेलन में इजरायल–हमास युद्ध और सीजफायर के लिए दबाव डालने पर चर्चा होनी है। इस बैठक से पीएम मोदी नहीं हिस्सा ले रहे हैं। इस बैठक को दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा आयोजित कर रहे हैं और यह ऐसे समय पर होने जा रही है जब एक दिन पहले ही ब्रिक्स के सदस्य देश चीन के विदेश मंत्री ने अरब और मुस्लिम देशों के साथ इजरालय को लेकर अहम बैठक की है। बताया जा रहा है कि भारत इजरायल को लेकर ब्रिक्ष्स देशों के रुख से सहमत नहीं है।

### भारत ने इजरायल पर ब्रिक्स को दिया बड़ा संदेश

रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत की ओर से कहा गया है कि पीएम मोदी चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं और इसी वजह से उनकी जगह पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ब्रिक्स की इस असाधारण बैठक से हिस्सा लेंगे। बताया जा रहा है कि भारत ब्रिक्स के अन्य देशों के इजरायल को लेकर रुख से सहमत नहीं है। दरअसल, इस बैठक में दक्षिण अफ्रीका, रूस, भारत, बाजील और चीन के नेता गाजा युद्ध को लेकर अहम बातचीत करेंगे। भारत को छोड़कर अन्य देश इजरायल के गाजा पर बमबारी का खुलकर विरोध कर रहे हैं। भारत इससे सहज नहीं पा रहा था। पीएम मोदी ने खुलकर हमास के हमले को आतंकी हमला करार दिया था।

यही नहीं भारत का रुख अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों के रुख से मेल खाता है। भारत ने अभी तक इजरायल से सीजफायर की मांग नहीं की है। वहीं ब्रिक्स प्लस के अन्ध्य सभी देशों ने इजरायल के सीजफायर के पक्ष में वोट दिया है। चीन ने हमास और अरब देशों के सुर में सुर मिलाते हुए गाजा में सीजफायर की मांग की है। यही नहीं अरब देशों के साथ चीन की अहम बैठक भी हुई है।

### पाकिस्तान की सैन्य अदालत में होगा आम लोगों का ट्रायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में नागरिकों के सैन्य ट्रायल का समर्थन करने वाले प्रस्ताव पर सियासत तेज हो गई है। पाकिस्तान के कई नेताओं ने नागरिकों के सैन्य ट्रायल का समर्थन करने वाले पाकिस्तान सीनेट के प्रस्ताव का विरोध किया। उन्होंने इस प्रस्ताव को पाकिस्तान के संविधान के खिलाफ बताया है। सीनेट में जमात–ए–इस्लामी के मुश्ताक अहमद और पीपीपी के नेता रजा रब्बानी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव का विरोध किया है। रजा रब्बानी ने कहा कि उन्होंने साल 2015 में देश में सैन्य अदालतें स्थापित करने के लिए विधेयक पर मतदान किया था, लेकिन उनका वोट पीपीपी का प्रतिनिधित्व करता है और इसलिए यह बिल शर्मनाक है। पीपीपी नेता रजा रब्बानी ने आगे कहा कि उन्होंने अपने जीवन में इतनी शर्मिंदगी को कभी भी महसूस नहीं किया है।


Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# सभी विभाग त्वरित गति से शिकायतों का करें निराकरण

तहसील दिवस

## ऊखीमठ में तहसील दिवस का किया गया आयोजन, दिए निर्देश

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को खंड विकास कार्यालय सभागार ऊखीमठ में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस के अवसर पर स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा सड़क, दूरसंचार, राशन कार्ड, शिक्षा आदि के संबंध में 10 शिकायतें दर्ज की गई जिनमें 04 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को त्वरित गति से निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

क्षेत्रीय जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी बीर सिंह बुदियाल की अध्यक्षता में आज खंड विकास कार्यालय ऊखीमठ के सभागार कक्ष में तहसील दिवस का आयोजन किया गया।



इस दौरान जन प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा कुल 10 शिकायतें दर्ज की गई। प्राप्त शिकायतों में 4 का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

आयोजित तहसील दिवस में ग्राम प्रधान चिलौंड श्रीमती सरिता देवी ने शिकायत दर्ज करते हुए कहा कि क्षेत्र में संचार की बेहतर सुविधा के लिए बीएसएनएल द्वारा टावर स्थापित किए जाने हेतु माह जून में सर्वेक्षण किया गया था लेकिन अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। मक्कू प्रधान विजयपाल सिंह नेगी ने ब्रिज एंड रूफ कंपनी द्वारा निर्मित किए जा रहे पुलिया निर्माण में हो रही देरी व मुख्यमंत्री घोषणा के बाद भी ग्राम पंचायत में टाइप ''ए'' अस्पताल की स्वीकृति न मिलने की शिकायत दर्ज की जबकि मक्कू के ग्रामीणों ने तालाबरंगाली पाव जगपुड़ा मोटर मार्ग निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से न होने की शिकायत दर्ज की। चिलौंड के ग्रामीणों ने जाल बैंड से चिलौंड मोटर मार्च 2006 में स्वीकृत होने के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं होने संबंधी समस्या से अवगत कराया।

अपर जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित गति से निस्तारण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारी तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को पूरी गंभीरता से लेते हुए उनका यथाशीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि सरकार की मंशा है कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत व्यक्तियों की जो भी समस्याएं हैं उनका तत्परता से निराकरण करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी तरह से कोई लापरवाही एवं ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने कहा कि तहसील दिवस में जो भी शिकायतें क्षेत्रीय जनता एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा दर्ज कराई गई हैं उन पर सभी अधिकारी शीघ्र कार्यवाही करें।

## न्यूज डायरी :

### 27 को होगा बहुउद्देशीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**संवाददाता** चमोली। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 26 नवम्बर के स्थान पर अब 27 नवम्बर को राजकीय इंटर कॉलेज गोपेश्वर में बहुउद्देशीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा । जिसमें आम जन को विधिक जानकारी के साथ सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी और निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण सिमरनजीत कौर ने क्षेत्र की जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का अनुरोध किया है।

### विकास खंडवार आयोजित होने वाले कैम्पों का रोस्टर तैयार

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल संचालन हेतु विकास खंडवार आयोजित होने वाले कैम्पों का रोस्टर तैयार किया गया है। 23 नवंबर से 26 जनवरी, 2024 तक आयोजित होने वाले कैम्पों में विभिन्न विभागीय अधिकारियों को नोडल नामित करते हुए तैनाती की गई है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार दिनांक 23 नवंबर को विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत सौड़ भट्टगांव में कैम्प का आयोजन किया जाएगा। 24 नवंबर को कर्णधार, 25 नवंबर को पंचायत भवन बनियाड़ी, 26 नवंबर को लदोली, 27 नवंबर को रतूड़ा, 28 नवंबर को जगोठ, 29 नवंबर को चंद्रापुरी, भटवाड़ी सुनार व 30 नवंबर को गडमिल में कैम्प आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों से संचालित योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

### एडविक कैपिटल ने अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड में 250 करोड़ जुटाने का रखा लक्ष्य

**संवाददाता** देहरादून। आरबीआई द्वारा रजिस्टर्ड गैर बैंक वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) एडविक कैपिटल लिमिटेड ने सेबी अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड रेगुलेशन्स के साथ अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड कैटेगरी -एआईएफ के लिए लाइसेंस हेतु आवेदन करने की अपनी योजना तैयार की है। एडविक कैपिटल ने अपने अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड में 250 करोड़ रुपये तक जुटाने का लक्ष्य रखा है, साथ ही प्रस्तावित एआईएफ के स्पॉन्सर के रूप में फंड के संग्रह का 10 प्रतिशत इन्वेस्टमेंट करने के लिए कमिटेड है। यह एडविक कैपिटल की बिजनेस एक्सपेंशन स्ट्रेटिजि का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पोर्टफोलियो को व्यापक बनाना और कंपनी की मौजूदा बिजनेस लाइन्स की सराहना और उन्हें पूरक करते हुए भविष्य के नए व्यवसायों में विविधता लाना है। प्रस्तावित केटेगरी अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड (एआईएफ) उभरते सेक्टर्स में निवेश करेगी।

## चमोली में 23 नवंबर से शुरू होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**संवाददाता** चमोली। जनपद के प्रत्येक गांव-गांव और शहर में केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से वंचित पात्र नागरिकों का चिन्हीकरण एवं मौके पर ही उन्हें योजनाओं से आच्छादित करने हेतु 23 नवंबर से 26 जनवरी,2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जहां प्रत्येक गांव जाकर डिजिटल वैन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी जाएगी वही जनपद की सभी 39 न्याय पंचायतों में स्वास्थ्य कैंप एवं बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा। इसके लिए जनपद स्तर पर नोडल अधिकारियों की तैनाती के साथ यात्रा का रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी डॉ एलएन मिश्र ने मंगलवार को विकास भवन सभागार में सभी रेखीय विभागों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक गांव में केन्द्र और राज्य सरकारी की योजनाओं से वंचित लाभार्थियों चिन्हित करते हुए मौके पर ही उनका आवेदन भरा जाए। सीएससी और बैंक प्रतिनिधि संकल्प यात्रा में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें। संकल्प यात्रा के दौरान विद्यालयों में भाषण, निबंध, क्विज इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजन के साथ स्थानीय प्रतिभाओं, महिला समूहों एवं विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाए। प्रत्येक स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों की फोटो, वीडियो सहित पूरी रिपोर्ट निर्धारित पोर्टल पर अपलोड की जाए।



## हरिद्वार में व्यापारी महाकुंभ 17 दिसंबर को होगा

**संवाददाता** हरिद्वार। राष्ट्रीय व्यापार मण्डल ज्वालापुर शहर इकाई की बैठक ज्वालापुर शहर कार्यालय पर आहूत की गई। बैठक में व्यापारी आयोग व अन्य मांगों को लेकर हरिद्वार में होने वाले व्यापारी महाकुंभ की तारीख की घोषणा की गई। राष्ट्रीय व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि व्यापारी महाकुंभ 17 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। बैठक के बाद सभी व्यापारियों ने टनल में फंसे मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि महाकुंभ में पूरे प्रदेश के व्यापारी शामिल होंगे। महाकुंभ में सरकार और व्यापारी एक मंच पर बैठकर मंथन करेंगे कि कैसे व्यापारी और सरकार मिलकर काम करें और प्रदेश के उन्नति व विकास को और गति दे सकें। व्यापारी महाकुंभ में देश के प्रमुख बड़े संत, राजनीतिक हस्तियां और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल होंगे।

## मतदाता विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का निरीक्षण कर अपने नाम की करें पुष्टि

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। भारत निर्वाचन आयोग/मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखंड के आदेशों के क्रम में 'विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम' चलाया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी के निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वीर सिंह बुदियाल ने बताया कि 09-12-2023 तक प्रत्येक मतदेय स्थलों निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज कराने, किसी अशुद्ध प्रविष्टि को शुद्ध कराने एवं किसी नाम को मतदाता सूची से हटाने, नियत प्रारूप में दावेध्आपत्तियां संबंधित बीएलओ को दी जा सकती हैं। जिस भी नागरिक को उक्त कार्य करवाने हों वो अपने क्षेत्र के बीएलओ से

मतदाता सूची में ऑनलाईन भी आवेदन कर सकते हे दर्ज

मतदेय स्थल पर निर्धारित तिथियों को संपर्क कर सकते हैं।

अपर जिलाधिकारी वीर सिंह बुदियाल ने अवगत कराया कि मतदाता सूची में ऑनलाईन माध्यम से भी आवेदन दर्ज किए जा सकते हैं। 07-केदारनाथ एवं 08-रूद्रप्रयाग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियां मे दिनांक 09-12-2023 तक प्रत्येक मतदेय स्थलों पर संबंधित बूथ लेबिल आफिसर (बीएलओ) के पास सर्वसाधारण अवलोकनार्थ उपलब्ध रहेगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशो के तहत दिनांक 25-11-2023 एवं 26-11-2023 (रविवार) को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है जिसमे मतदेय स्थल पर निर्धारित तिथियों को संपर्क कर सकते हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि प्रारूप 6 में प्रथम बार अपना व परिवार के किसी अन्य सदस्यों का नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज करने हेतु, प्रारूप -6ए प्रवासी भारतीयों का नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज करने हेतु आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने जनपद के समस्त अर्ह नागरिकों, राजनीतिक दलों, जन प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं गणमान्य व्यक्तियों से अपील है कि वे मतदेय स्थल पर जाकर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का निरीक्षण कर अपने नाम की पुष्टि कर लें।

## भीमताल में लगा एक दिवसीय तसर रेशम कृषि मेला


**संवाददाता** भीमताल। शीतजल मत्स्यिकी अनुसंधान निदेशालय भीमताल में मंगलवार को क्षेत्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान केंद्र, केंद्रीय तसर अनुसंधान व प्रशिक्षण संस्थान, केंद्रीय रेशम बोर्ड भीमताल की ओर से एक दिवसीय तसर रेशम कृषि मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अध्यक्ष उत्तराखंड कॉपरेटिव सिल्क फेडरेशन चौधरी अजीत सिंह, निदेशक रेशम उत्तराखंड देहरादून प्रदीप कुमार, सहायक सचिव तकनीकी, क्षेत्रीय कार्यालय केंद्रीय रेशम बोर्ड दशरथी वहेडा नई दिल्ली व केंद्र प्रभारी एएस वर्मा ने किया। साथ ही ओक तसर कीटपालन एवं बीजगार बुक लेट का विमोचन भी किया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. एनबी चौधरी निदेशक केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान राची और प्रदीप कुमार, निदेशक रेशम उत्तराखंड देहरादून ने किसानों को ओक तसर व शहतूती रेशम के महत्व की जानकारी दी।

# कास्ट सेंसस करवाना व्यावहारिक नहीं

**ऐसे में दो या तीन दशक पहले के आंकड़ों से काम चलाते रहना कोई अच्छा विकल्प नहीं कहा जाएगा। जाहिर है, मौजूदा हालात से जुड़ी ताजा हकीकत पता करने और उसे समय-समय पर अपडेट करते रहने की जरूरत है ताकि नीतियां बनाते समय अनुमान से काम लेने की मजबूरी न रहे।**

अनुज सनवाल।।

केंद्रीय गृह मंत्री और सीनियर बीजेपी नेता अमित शाह ने एक चुनावी रैली में पिछले दिनों कहा कि असल में बीजेपी कास्ट सेंसस के उतना खिलाफ नहीं है। यह बयान चौंकाने वाला इसलिए है क्योंकि बीजेपी की ही अगुआई वाली केंद्र सरकार एकाधिक मौकों पर साफ कर चुकी है कि राष्ट्रीय स्तर पर कास्ट सेंसस करवाना व्यावहारिक नहीं है। ऐसे में अब जब अमित शाह अपनी पार्टी के स्टैंड पर अलग तरह की बात कह रहे हैं तो स्वाभाविक ही उसे पार्टी को होने वाला चुनावी नुकसान कम करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन भले ही चुनावी हितों के कारण हो, अगर बीजेपी अपना स्टैंड बदल रही है तो इसका मतलब यह है कि घूम-फिरकर सभी पार्टियां कास्ट सेंसस के पक्ष में हो गई हैं। क्या सभी दल इस तथ्य को नजरअंदाज कर देंगे कि जाति जनगणना से आखिरकार फायदों से ज्यादा नुकसान होने वाला है। लेकिन आखिर यह बात कैसे मान ली जाए कि जाति जनगणना फायदों से ज्यादा नुकसान करने वाली है? अगर ज्यादातर दल इस मुद्दे को कोटा मानसिकता से देख और समझ रहे हैं तो यह देखने वाले की गलती हुई न कि मुद्दे की। जरूरत यह है कि इस मुद्दे को सही नजरिये से और व्यापक अर्थों में लिया जाए। इसमें दो राय नहीं कि आरक्षण प्रतिशत विभिन्न वर्गों और तबकों की रोजगार समस्या का हल नहीं हो सकता। इसे इस रूप में पेश करने वाली राजनीति किसी का भला नहीं करती। लेकिन जाति आज भी हमारे समाज की एक कड़वी सचाई है, जिससे मुंह नहीं मोड़ा जा सकता।



जाहिर है किसी भी तर्क से इस सचाई को छुपाने या इसे अंधेरे में रहने देने की वकालत करना सही नहीं होगा। अगर 2002 के BPL सेंसस में ग्रामीण परिवारों की सामाजिक आर्थिक स्थिति के साथ-साथ कुछ जाति संबंधी आंकड़े भी जुटाए जा चुके हैं तो यह काफी नहीं। समाज के हालात समय के साथ बदलते रहते हैं। ऐसे में दो या तीन दशक पहले के आंकड़ों से काम चलाते रहना कोई अच्छा विकल्प नहीं कहा जाएगा। जाहिर है, मौजूदा हालात से जुड़ी ताजा हकीकत पता करने और उसे समय-समय पर अपडेट करते रहने की जरूरत है ताकि नीतियां बनाते समय अनुमान से काम लेने की मजबूरी न रहे। इसी वजह से हर 10 साल में होने वाले सेंसस में देरी का मुद्दा भी प्रासंगिक है। यह आखिरी बार साल 2011 में हुआ था। अब कहा जा रहा है कि यह जनगणना 2024 आम चुनाव के बाद ही हो पाएगी। सेंसस न होने की वजह से अभी कल्याणकारी योजनाएं 2011 के आंकड़ों के आधार पर ही चलाई जा रही हैं, जिस पर एक्सपर्ट्स सवाल उठा चुके हैं। उसी तरह से आरक्षण से जुड़े कई सवालों का जवाब जाति जनगणना से मिलेगा, जिनसे आगे नीति-निर्माण में मदद मिलेगी।

## परम भक्त

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** वृंदा बचपन से ही भगवान विष्णु जी की परम भक्त थी। बड़े ही प्रेम से भगवान की पूजा किया करती थी। जब वह बड़ी हुई तो उनका विवाह राक्षस कुल में दानव राज जलंधर से हो गया,जलंधर समुद्र से उत्पन्न हुआ था। वृंदा बड़ी ही पतिव्रता वादी स्त्री थी, सदा अपने पति की सेवा किया करती थी। सबने भगवान से प्रार्थना की तो भगवान कहने लगे कि-वृंदा मेरी परम भक्त है मैं उसके साथ छल नहीं कर सकता पर देवता बोले भगवान दूसरा कोई उपाय भी तो नहीं है अब आप ही हमारी मदद कर सकते हैं। भगवान ने जलंधर का ही रूप रखा और वृंदा के महल में पहुंच गए जैसे ही वृंदा ने अपने पति को देखा,वे तुरंत पूजा में से उठ गई और उनके चरण छू लिए इस तरहा से पूजा से हटने की वजह से वृंदा का संकल्प टूट गया। और उधर युद्ध में देवताओं ने जलंधर को मार दिया और उसका सिर काटकर अलग कर दिया।

## संपादकीय

### क्षेत्रीय दलों से रिश्ता

चुनाव यह बताएंगे कि कांग्रेस कितना मजबूत होकर उभरती है। इसी से इंडिया गठबंधन के अंदर क्षेत्रीय दलों और कांग्रेस के बीच रिश्तों का स्वरूप भी तय होगा। इस लिहाज से तेलंगाना चुनावों पर खास नजर रहेगी क्योंकि इससे यह पता चलेगा कि कांग्रेस की मजबूती क्षेत्रीय दलों के लिए कितना बड़ा खतरा बनने वाली है। दिलचस्प बात यह कि कांग्रेस की यह मजबूती बीजेपी को संभावित सहयोगी भी मुहैया करा सकती है। इसके उलट, कमजोर कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के लिए ज्यादा सुविधाजनक होगी। राजस्थान में अगर कांग्रेस सरकार चलती रही है तो उसके पीछे अशोक गहलोत की राजनीतिक कुशलता है। लेकिन यह बात भी सही है कि उन्हें लगातार सचिन पायलट पर नजर बनाए रखनी पड़ी जिनकी दिल्ली तक सीधी पहुंच है। मध्य प्रदेश में यह मॉडल उलटा पड़ गया लेकिन छत्तीसगढ़ में बहुत अच्छा चला। वहां टीएस सिंहदेव की मौजूदगी के कारण मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर लगातार अंकुश बना रहा। जाहिर है, बड़ी उथलपुथल की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता क्योंकि कांग्रेस में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के बुजुर्ग नेता जाते-जाते भी अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे। साफ है कि इन चुनाव नतीजों से काफी हद तक यह तय होगा कि पार्टियां गठबंधन को कितनी अहमियत देती हैं और यह भी कि उनका गठबंध ान को लेकर रवैया कैसा रहता है।

तब तीनों राज्यों की कुल 65 लोकसभा सीटों में से उसने 61 पर कब्जा कर लिया था। इसका मतलब है कि विध ानसभा और लोकसभा चुनाव में वोटरों की प्राथमिकता बदल गई थी।

# चुनावों का 'सेमीफाइनल'

प्रणव ढल सामंता।।



पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों को 'सेमीफाइनल' बताया जा रहा है, क्योंकि ये लोकसभा चुनाव से महज छह महीने पहले हो रहे हैं। लेकिन देखा जाए तो ये लोकसभा चुनाव की संभावनाओं से ज्यादा विभिन्न पार्टियों के आंतरिक समीकरणों को प्रभावित करने वाले हैं। 2018 में बीजेपी सीधे मुकाबले वाले तीन राज्यों- राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़- में कांग्रेस से हार गई थी। लेकिन बमुश्किल छह महीने बाद हुए लोकसभा चुनाव में उसने बाजी पलट दी। तब तीनों राज्यों की कुल 65 लोकसभा सीटों में से उसने 61 पर कब्जा कर लिया था। इसका मतलब है कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में वोटरों की प्राथमिकता बदल गई थी।

मतदाताओं की प्राथमिकता में इस फर्क की सबसे अच्छी मिसाल ओडिशा में दिखी थी, जहां 2019 में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ हुए थे। बीजू जनता दल ने 146 सीटों वाली विधानसभा में 112 सीटें जीतकर तब लगातार पांचवीं बार सत्ता हासिल की, लेकिन लोकसभा चुनाव में 21 में से 12 ही सीटें वह जीत पाई। वहीं, बीजेपी ने 8 सीटें झटक लीं। विधानसभा और लोकसभा चुनावों में वोटिंग पैटर्न देखा जाए तो ठश्रक से बीजेपी की ओर वोटों का करीब 2 फीसदी का शिफ्ट हुआ जबकि दोनों चुनाव एक साथ हुए थे। इसलिए चुनाव विश्लेषकों का विधानसभा चुनावों के नतीजों को राष्ट्रीय फलक पर जांचना-परखना तो ठीक है, लेकिन पिछले एक दशक में ऐसी पहल की सीमाएं स्पष्ट हो चुकी हैं। राष्ट्रीय चुनावों को अब राज्यों के चुनाव नतीजों के कुल योग के तौर पर नहीं देखा जा सकता।

राज्यों के चुनाव जरूर वैसे आधार मुहैया कराते हैं, जिन पर पार्टियां खुद को दोबारा खड़ा कर सकती हैं। नब्बे और दो हजार के दशक में बीजेपी ने खुद को गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और कुछ हद तक राजस्थान में अपने अच्छे राज्यस्तरीय प्रदर्शनों की बदौलत ही खड़ा किया। 2004 और 2009 के लोकसभा चुनावों में मिली शिकस्त के बावजूद इन राज्यों के चुनाव नतीजों ने बीजेपी को मैदान में बनाए रखा। आजकल कांग्रेस अपनी ऐसी ही पुनर्वापसी सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। खासकर हिमाचल प्रदेश में पिछले साल और इस साल कर्नाटक में हुई विजय के बाद।

जाहिर है, पांच राज्यों के ये चुनाव दोनों दलों के लिए अहम हैं। फिर भी इनका सबसे ज्यादा असर दोनों दलों के क्षत्रपों की भूमिका पर पड़ने वाला है। इसी का दूसरा पहलू है पार्टी में हाईकमान की भूमिका और उसका नियंत्रण। बीजेपी की बात करें तो वहां मामला उतना उलझा हुआ नहीं है। कारण यह है कि नरेंद्र मोदी की देशव्यापी अपील है जिसका असर न केवल पार्टी के अंदर बल्कि पूरे NDA गठबंधन में भी दिखता है। इसी असर की बदौलत पार्टी पीढ़ीगत बदलाव की तैयारी कर सकी। इसी के तहत कर्नाटक में बीएस येदियुरप्पा और कुछ अन्य नेताओं को विधानसभा चुनाव से कुछ ही पहले हटाया गया। इस तरह का बदलाव कर्नाटक में काम नहीं आया, लेकिन उत्तराखंड और गुजरात में इसके अच्छे नतीजे देखने को मिले। वैसे इस बार बीजेपी बड़े बदलाव करने से बचती दिख रही है, लेकिन उसने किसी राज्य में मुख्यमंत्री प्रत्याशी भी घोषित नहीं किया है। इसका मतलब है कि आगे के हालात बहुत कुछ सीटों की संख्या पर निर्भर करेंगे। स्पष्ट बहुमत की स्थिति में राष्ट्रीय नेतृत्व का जोर बढ़ सकता है, लेकिन जीत-हार का अंतर कम होने पर लोकल लीडरशिप की भूमिका बढ़ जाएगी।

## अष्टयोग- 4938

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 3 | | 1 | |
| 2 | **32** | 4 | **39** | 7 | **34** | 4 |
| | | 7 | 4 | | | |
| 5 | **30** | 3 | **38** | 6 | **31** | 1 |
| | | | 6 | 4 | | |
| 3 | **27** | 2 | **25** | 1 | **31** | 6 |
| | 6 | | 4 | | 3 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 4937 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 2 | **28** | 4 | **33** | 7 | **35** | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | **28** | 3 | **38** | 6 | **34** | 1 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 3 | **31** | 2 | **31** | 1 | **30** | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### गुटबाजी का भी फायदा मिलता रहा

**मोहन।** हार का अंतर कम होने से मध्य प्रदेश में 2018 में बीजेपी 22 कांग्रेसी विधायकों के इस्तीफे के बाद सत्ता पर कब्जा जमा पाई थी। इन इस्तीफों के चलते कई सीटों पर उपचुनाव कराने पड़े, जो बीजेपी के पक्ष में गए। नतीजा यह कि शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री पद का एक और कार्यकाल मिल गया क्योंकि वह ऐसे इकलौते नेता थे जो सभी गुटों को साथ लेकर चल सकते थे। जाहिर है, ये चुनाव शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे सिंधिया जैसे नेताओं के लिए खासे अहम हैं, जिनकी भूमिका इस बात पर निर्भर करेगी कि उनके पाले में कितने विधायक होते हैं। जहां तक कांग्रेस का सवाल है तो वहां आलाकमान को प्रदेश इकाइयों में चल रही गुटबाजी का फायदा मिलता रहा है। कर्नाटक में सीएम सिद्दारमैया और डेप्युटी सीएम डीके शिवकुमार के बीच भी कुछ ऐसा ही समीकरण बना हुआ है। लेकिन बघेल, गहलोत या कमलनाथ जीतते हैं तो भी आंतरिक समीकरण बदल जाएंगे। जीत के बाद वे ज्यादा मजबूत होकर उभरेंगे और चाहेंगे कि पार्टी में केंद्रीय स्तर पर ऐसे बदलाव हों जिससे उनके अपने गढ़ सुरक्षित रहें।





## चांद जलने लगा के सेट पर कनिका मान को लगी चोट

टीवी एक्ट्रेस कनिका मान, जिन्हें आपने गुड्डन तुमसे न हो पाएगा और खतरों के खिलाडी में देखा है। वह अब श्चांद जलने लगाश में नजर आ रही हैं। इसमें वह विशाल आदित्य सिंह के साथ दिखाई दे रही हैं। इसी के सेट पर वह चोटिल हो गई हैं, इसका वीडियो उन्होंने खुद शेयर की है। इसमें वह अपने पैर से टेप हटाती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस को इस सीरियल से बेहद प्यार मिल रहा है। इस वीडियो को देखने के बाद फैन्स उनके जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं। कनिका मान ने वीडियो शेयर किया है। वह अपने चोट लगे हिस्से पर चिपकाए गए टेप को हटा रही हैं। जिसके बाद उनका पैर सिल्वर कलर का हो जाता है। इस वीडियो में उन्होंने पीले रंग का सलवार कमीज पहना है। साथ ही हाथ और पैर में ट्रेप लपेटा है, जिससे वह खुद को ठंड में जमने से बचा सकें। वह अपने सीन के लिए रेडी होती हैं। वीडियो में वह टेप हटाने के लिए सेट पर मौजूद एक शख्स की मदद लेती नजर आ रही हैं। इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर किया है। इसके कैप्शन ने लिखा है, श्कुछ जमा देने वाले सीन्स आने वाले हैं। हैशटैग चांद जलने लगा। हैशटैग तारा।श इस दौरान एक्ट्रेस ने शॉल भी ओढ़ रखी है। वह ठंड से कांप रही हैं। चांद जलने लगाश की कहानी दो बचपन के दोस्तों की हैं।

## खेसारी लाल यादव ने अपने गांव छपरा में परिवार संग यूं की छठ पूजा

छठ पूजा बिहार का बेहद खास और अहम त्योहार रहा है। जहां फिल्म और टीवी स्टार्स ने सभी को छठ के पर्व की शुभकामनाएं दीं, वहीं भोजपुरी सितारों ने भी इसे धूमध्ााम से मनाया। छठ पूजा के लिए भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव अपने गांव छपरा पहुंचे और वहां विधि-विध्ाान से पूजा की। वहीं अक्षरा सिंह ने भी परिवार के साथ छठ पूजा की, और मां के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। आम्रपाली ने दिनेश लाल यादव निरहुआश के साथ अपने एक छठ गाने की तस्वीर शेयर की और लिखा, समस्त देशवासियों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। छठी मैया और सूरज भगवान की कृपा हम सब पर हमेशा बनी रहे। रानी चटर्जी ने भी छठी का थाल हाथ में लिए और नाक से मांग तक सिंदूर भरे अपनी तस्वीर शेयर कर देशवासियों को छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं।

## आठ दिनों में भी 300 करोड़ क्लब से पीछे रह गई टाइगर 3



सलमान खान, कटरीना कैफ और इमरान हाशमी स्टारर टाइगर 3 को रिलीज हुए 8 दिन बीत गए हैं। दिवाली के दिन यह फिल्म रिलीज हुई थी। अपने पहले हफ्ते में मनीष शर्मा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म ने 229 करोड़ रुपये की कमाई जरूर कर ली है, लेकिन मेकर्स से लेकर फैंस और यहां तक कि थिएटर मालिक भी निराश हैं। टाइगर 3 से बॉक्स ऑफिस पर जिस कमाई की सुनामी की उम्मीद थी, वह पूरी नहीं हो सकी। हां, यह जरूर है कि कई हफ्तों से सूनी पड़ी टिकट खिड़कियों पर YRF के स्पाई यूनिवर्स की इस फिल्म ने जान जरूर फूंकी है। यह सलमान खान की सबसे तेजी से 200 करोड़ क्लब (6 दिन) में शामिल होने वाली फिल्म भी बन गई, लेकिन शाहरुख खान की पठान और जवान जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से यह काफी पीछे है। आलम यह कि टाइगर 3 की कमाई बॉक्स ऑफिस पर लगातार हिचकोले ले रही है। जबकि रिलीज से पहले फिल्म को लेकर शोर ऐसा था कि यह बॉलीवुड की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर बनेगी। यह सच है कि श्टाइगर 3 को फैंस और समीक्षकों से मिक्स रिव्यूज मिले हैं। लेकिन सलमान खान की फिल्मों के लिए यह कोई नई बात नहीं है। ऐसे हालात में भी उनकी फिल्मों ने रिकॉर्ड कमाई की है। लेकिन टाइगर 3 का लगातार हिचकोले लेना पूरी तरह से वाईआरएफ की फेल स्ट्रैटजी का नतीजा है। जबकि सबसे बड़ा सच यह है कि यह फिल्म जितनी भी कमाई कर रही है, वह सिर्फ और सिर्फ सलमान खान के सुपरस्टारडम और फैंस की दीवानगी के कारण है।

# धनुष के बेटे यात्रा राजा का कटा चालान

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*साउथ इंडियन फिल्मों के सुपरस्टार धनुष के बड़े बेटे यात्रा राजा का चालान कट गया है। 17 साल के यात्रा पर ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने, बिना हेलमेट और लाइसेंस के सुपरबाइक चलाने का आरोप है। उन्हें चेन्नई के पोएस गार्डन इलाके में सुपरबाइक चलाते हुए पकड़ा गया। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में यात्रा राजा को एक गाइड (ट्रेनर) की मदद से सड़कों पर घूमते हुए दिखाया गया है। ऐसा लग रहा है कि वह बाइक चलाना सीख रहे थे। हालांकि, वीडियो सामने आने के बाद जिस चीज ने लोगों का ध्यान खींचा, वह ये कि यात्रा ने ना तो हेलमेट पहन रखा था और ना ही उनके बाइक पर नंबर प्लेट ही साफ नजर में दिख रहा है। बताया जाता है कि जब अधिकारियों ने धनुष और उनके बेटे से संपर्क किया तो यात्रा राजा के पास कोई ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं मिला।*



**ट्रैफिक पुलिस ने मां ऐश्वर्या रजनीकांत से भी किया संपर्क**

वीडियो में यात्रा राजा की पहचान की पुष्टि के लिए पुलिस ने उनकी मां ऐश्वर्या रजनीकांत से भी संपर्क किया। एक साल पहले ही धनुष और ऐश्वर्या अलग हो गए हैं। हालांकि, दोनों माता-पिता अपने दो बेटों, यात्रा और लिंगा की परवरिश साथ



मिलकर कर रहे हैं। 18 नवंबर 2004 को धनुष ने सुपरस्टार रजनीकांत की बेटी और फिल्ममेकर ऐश्वर्या के साथ शादी की थी। इसके दो साल बाद 2006 में बेटा यात्रा पैदा हुआ, जबकि 2010 में लिंगा का जन्म हुआ। धनुष भगवान शिव के भक्त हैं, इसलिए उन्होंने अपने दोनों बेटों का नाम यात्रा और लिंगा रखा है।

**यात्रा राजा पर 1000 रुपये का लगा है जुर्माना**

जानकारी के मुताबिक, ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण यात्रा राजा पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया है। पुलिस का कहना है कि यह जुर्माना इस बात की भी तस्दीक करता है कि नियम सभी पर लागू होते हैं, फिर चाहे वह किसी भी बड़े पारिवार से ताल्लुक क्यों ना रखता हो। सोशल मीडिया पर जुर्माना लगाने और चालान काटने को लेकर चेन्नई ट्रैफिक पुलिस की भी खूब तारीफ हो रही है।

# वरुण धवन ने करण जौहर को बताया घर तोड़ने वाला

*करण जौहर ने कॉफी विद करण 8 के नए एपिसोड में आने वाले मेहमानों की झलक दिखाई है। वरुण धवन, सिद्धार्थ मल्होत्रा, काजोल, रानी मुखर्जी और विक्की कौशल तक करण जौहर को ग्रिल करते व उनकी खिंचाई करते दिख रहे हैं।*



करण जौहर का शो कॉफी विद करण का आठवां सीजन लगातार चर्चा में बना हुआ है। अभी तक इसके चार एपिसोड आ चुके हैं, जो काफी मजेदार रहे। लेकिन अब करण जौहर ने आने वाले एपिसोड की गेस्ट लिस्ट से पर्दा उठाया है। इस प्रोमो को देख एक्साइटमेंट और बढ़ जाएगी। करण जौहर ने हाल ही नया प्रोमो शेयर किया, जिसमें उन्होंने कॉफी विद करण 8 में आने वाले मेहमानों की झलक दिखाई है। प्रोमो में वरुण धवन, सिद्धार्थ मल्होत्रा, कियारा आडवाणी, विक्की कौशल और जान्हवी कपूर नजर आ रहे हैं। इसमें अजय देवगन और रानी मुखर्जी की भी झलक नजर आती है। कॉफी विद करण 8 के प्रोमो में वरुण धवन से लेकर जान्हवी कपूर और करीबी दोस्त उन्हें ट्रोल करते हुए नजर आते हैं। चारों तरफ से खुद को घिरा हुआ देख करण जौहर बोलते हैं, प्लीज सब चुप हो जाओ, मैं यह बर्दाश्त नहीं कर सकता। प्रोमो में करण जौहर के साथ सारे सेलेब्स खूब मस्ती करते और उनकी खिंचाई करते नजर आ रहे हैं।

**वरुण धवन और सिद्धार्थ ने की करण की खिंचाई**

वरुण धवन कहते हैं, ये धर्मा का हीरो है, बहुत नाजुक है। फिर वह करण जौहर को घर तोड़ने वाला बताते हैं, जिस पर वह काउच पर खड़े होकर चिल्लाने लगते हैं-चुप हो जाओ, मैं यह बर्दाश्त नहीं कर सकता। इसके बाद करण जौहर, पर्कीतजी डंसीवजतं से पूछते नजर आते हैं कि वरुण धवन के पास ऐसी कौन सी एक चीज है, जो उनके पास नहीं हैं। सिद्धार्थ ऐसा जवाब देते हैं कि करण जौहर की बोलती बंद हो जाती है। जान्हवी, करण की खिंचाई कर देती हैं और बोलती हैं, श्वही तो सेंटर पॉइंट है तुम्हारी फिल्म का।श

**रानी मुखर्जी और काजोल भी दिखीं**

प्रोमो में करीना कपूर और आलिया भट्ट भी नजर आईं, जो करण जौहर की खिंचाई करती नजर आ रही हैं। कॉफी विद करण 8 में रोहित शेट्टी और अजय देवगन भी नजर आएंगे, और उनके बारे में भी नए प्रोमो में अपडेट दिया गया है। काजोल और रानी मुखर्जी भी इस बार कॉफी विद करण का हिस्सा हैं। कुल मिलाकर, कॉफी विद करण 8 के आने वाले एपिसोड में बड़ा धमाका देखने को मिलने वाला है।

# नजरों को गिद्ध की तरह तेज कर देगा ये देसी नुस्खा

*आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए आयुर्वेदिक डॉक्टर दीपक कुमार ने कुछ घरेलू उपाय बताए हैं। पहले हफ्ते रात में 2 काली मिर्च और मिश्री को मिलाकर रखें और सुबह इसे सेवन करें। दूसरे हफ्ते में 4 काली मिर्च और मिश्री लें, तीसरे हफ्ते में 8 काली मिर्च और मिश्री लें, चौथे हफ्ते में 16 काली मिर्च और मिश्री लें। इसके बाद अगले महीने काली मिर्चों की संख्या को घटाते रहें। इस उपाय से आंखों की रोशनी बढ़ेगी।*



भारत के जानेमाने आयुर्वेदिक डॉक्टर दीपक कुमार आपको कुछ आसान घरेलू उपाय बता रहे हैं। उनका मानना है कि जिनकी नजर कमजोर हो गई है अगर वो नीचे बताए उपाय को कर लें, तो निश्चित रूप से उनकी आंखों पर चश्मा नहीं चढ़ेगा और अगर चढ़ा भी हुआ है, तो संभव है, उतर भी सकता है। चलिए जानते हैं आंखों की रोशनी तेज करने के उपाय क्या हैं।

**पहले हफ्ते 2 काली मिर्च और मिश्री**
डॉक्टर के अनुसार, रात को सोने से पहले दो काली मिर्च और कुछ मिश्री मिलाकर रख दें और अगली सुबह इस मिश्रण का सेवन करें। ऐसा आपको कम से कम सात दिन यानी एक हफ्ते तक करना है।

**दूसरे हफ्ते 4 काली मिर्च और मिश्री**
डॉक्टर ने बताया कि दूसरे हफ्ते आपको काली मिर्च की संख्या बढ़ानी है यानी चार काली मिर्च को मिश्री के साथ रख दें और इस मिश्रण का अगली सुबह सेवन करें।

**तीसरे हफ्ते 8 काली मिर्च और मिश्री**
तीसरे हफ्ते तक इस काली मिर्च की संख्या को बढ़ाकर आठ कर दें यानी रात को सोने से पहले मिश्री के साथ आठ काली मिर्च को मिलाकर रख दें और अगले दिन सेवन करें।

**चौथे हफ्ते 16 काली मिर्च और मिश्री**
चौथे हफ्ते आपको कम से कम 16 काल मिर्च को मिश्री के साथ मिलाकर रखना है और अगले दिन सुबह पानी के साथ इस मिश्रण का सेवन करना है। इसी तरह अगले महीने 16 काली मिर्च और उससे अगले यानी तीसरे महीने 8 काली मिर्च और चौथे 4 काली मिर्च का सेवन करें।

**आंखों की रोशनी बढ़ा देगा यह उपाय**
डॉक्टर ने बताया कि अगर आप ईमानदारी से इस प्रयोग को करेंगे तो निश्चित रूप से आपको नजर गिद्ध की तरह तेज होने लगेगी। अच्छी बात यह है कि आपको आंखों पर चश्मा बिल्कुल भी नहीं चढ़ेगा। साथ ही साथ आपका पाचन तंत्र भी मजबूत बनेगा।

# देसी घी से ज्यादा ताकतवर है ये पिद्दी सा ड्राई फ्रूट

*पेकन (पीकन) नट्स खाने से अनगिनत फायदे मिलते हैं। इसमें हेल्दी फैट्स की भरमार होती है और शरीर के लिए देसी घी से भी ज्यादा हेल्दी है। यह शरीर की कमजोरी को दूर करता है और तेज याददाश्त देता है। यह डायबिटिक पेशेंट्स के लिए भी अच्छा होता है और हाई कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है।*



**ड्राई फ्रूट्स के छोटे-छोटे दानों का छिपा है बेशुमार फायदा**
ड्राई फ्रूट्स के छोटे–छोटे दानों में बेशुमार ताकत भरी होती है। इनमें प्रोटीन से लेकर फैटी एसिड मिल जाते हैं। शरीर के विकास और स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए इनकी काफी जरूरत होती है। मगर ले–देकर हम बादाम, काजू, अखरोट जैसे कुछ ड्राई फ्रूट के नाम ही जानते हैं। कई सारे सूखे मेवा के फायदों से लोग अभी भी अनजान हैं। पेकन नट्स भारत में बहुत कम मशहूर है, मगर यह ड्राई फ्रूट्स अनगिनत फायदों से भरा हुआ है। इसे खाकर डायबिटीज, दिल की बीमारी, हाई कोलेस्ट्रॉल, कमजोर याददाश्त और न जाने कितनी बीमारियों को दूर किया जा सकता है। सबसे बड़ी बात यह देसी घी से भी ज्यादा हेल्दी है।

**देसी घी और पीकन नट्स का अंतर**
देसी घी में हेल्दी फैट्स की भरमार होती है, मगर आपको जानकर हैरानी होगी कि पेकन नट्स के अंदर इससे भी ज्यादा हेल्दी फैट्स

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



होते हैं। साइंस डायरेक्ट के मुताबिक, 28 ग्राम पीकन नट्स में करीब 20.4 ग्राम फैट होता है, जिसमें से लगभग 18.5 ग्राम बिल्कुल हेल्दी हैं। यह आंकड़ा देसी घी से ज्यादा है।

**ताकत का भंडार है ये छोटा ड्राई फ्रूट**
शारीरिक कमजोरी को पीकन नट बहुत बढ़िया तरीके से खत्म कर सकता है। यह हाई प्रोटीन ड्राई फ्रूट है, जो मसल्स डेवलपमेंट और रिपेयरिंग तेज करता है। इसे खाकर मसल्स फटीग से बचा जा सकता है और बॉडी को ताकतवर और जानदार बना सकते हैं।

**आइंस्टीन-सा तेज होगा दिमाग**
दिमाग को तेज करने के लिए मोनो और पॉली अनसैचुरेटेड फैट्स मदद करते हैं। यह ब्रेन इंफ्लामेशन कम करने के साथ कॉग्नीटिव फंक्शन बढ़ाते हैं। जिससे आपकी याददाश्त, निर्णय लेने और सीखने की क्षमता का विकास होता है।

**हाई ब्लड शुगर का इलाज**
फाइबर की वजह से पीकन नट्स को डायबिटिक पेशेंट्स के लिए अच्छा माना जाता है। इसमें सॉल्यूबल फाइबर की क्वांटिटी होती है, कई शोध में देखा गया है कि इस तरीके का फाइबर पानी के साथ मिलकर शरीर के अंदर जेल बनाता है और शुगर को बढ़ने से रोकता है।

**हाई कोलेस्ट्रॉल का दुश्मन**
दिल के लिए भी पेकन नट देसी घी से ज्यादा फायदेमंद है। मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड टोटल कोलेस्ट्रॉल और गुड कोलेस्ट्रॉल का लेवल सुधारते हैं। जिससे गंदा एलडीएल कोलेस्ट्रॉल कम हो जाता है और कार्डियोवैस्कुलर डिजीज का खतरा कम हो जाता है।




## इस सफेद चीज से करें ब्रश, पीली गंदगी जड़ से होगी साफ

अगर आपके दांत–मसूड़ों से खून बहता है या फिर रोजाना ब्रश करने के बाद भी आपके मुंह से बदबू आती रहती है, तो इसका मतलब है कि आपके दांतों की जड़ों में प्लैक की मात्रा ज्यादा हो गई है। असल में पीले रंग की यह गंदगी ही मुंह की बदबू या दांतों के पीलेपन की सबसे बड़ी वजह है। प्लैक की बैक्टीरिया की एक नरम और चिपचिपी गंदगी है, जो दांतों और मसूड़ों पर बनती है। आप जो भी कुछ खाते–पीते हैं, तो उसके कण दांत–मसूड़ों पर चिपकते रहते हैं और अगर इन्हें साफ नहीं किया जाता है, तो यह प्लैक का रूप ले लेते हैं। समस्या तब होती है, जब इसकी मात्रा ज्यादा हो जाती है क्योंकि यह दांतों की जड़ो में घुसता रहता है और उन्हें कमजोर कर देता है। सोडा में प्राकृतिक अपघर्षक गुण होते हैं जो दांतों से प्लैक को हटाने में मदद कर सकते हैं। पानी में पर्याप्त मात्रा में सोडा डालकर पेस्ट बना लें और इस पेस्ट से हफ्ते में कई बार अपने दांतों को ब्रश करें। इससे दांतों की पीली गंदगी हटाने में मदद मिल सकती है। एलोवेरा अपने एंटी इंफ्लेमेटरी और बैक्टीरिया को मारने वाले गुण होते हैं। प्लैक को कम करने और मसूड़ों की सूजन को शांत करने में मदद के लिए नैचुरल टूथपेस्ट या माउथवॉश के रूप में एलोवेरा जेल का उपयोग करें। ध्यान रहे कि इस्तेमाल किया गया एलोवेरा जेल शुद्ध हो जिसमें कोई सिरप या रसायन न हो।

## शरीर में विटामिन बी12 भरेंगे ये आयुर्वेदिक तरीके, 80 तक कड़क रहेगा ढांचा

विटामिन बी12 एक पानी में घुलनशील विटामिन है जो शरीर के भीतर विभिन्न शारीरिक कामकाज में बड़ी भूमिका निभाता है। यह डीएनए बनाने तंत्रिका कोशिकाओं के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी है। बी12 लाल रक्त कोशिकाओं का उत्पादन करने के लिए भी जरूरी है। यह दिमागी कामकाज, खून की कमी पूरी करने, शरीर में ऊर्जा के उत्पादन करने, इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने, हड्डियों और मसल्स को ताकत देने का काम करता है। विटामिन बी12 की कमी से व्यक्ति में अधिक थकान महसूस हो सकती है, इसकी कमी से चक्कर आने की समस्या हो सकती है, आपको श्वास लेने में कठिनाई हो सकती है, शरीर में छाले आ सकते हैं, मानसिक स्थिति में परिवर्तन हो सकता है, जैसे कि भ्रम और उदासी। इतना ही नहीं इसकी कमी से हाथ–पैरों में ठंडक महसूस हो सकती है और उनमें झनझनाहट हो सकती है। आयुर्वेद खान–पान में सावधानी बरतने की सलाह देता है।

## दिन के किस समय खानी चाहिए मूली.. किसे करना चाहिए परहेज?



मूली में भरपूर मात्रा में, रिबोफ्लेविन, नियासिन, विटामिन सी, विटामिन बी6, फोलेट, पोटेशियम, आयरन, मैग्नीज, फाइबर, शुगर पाया जाता है। इसी वजह से सर्दियों में मूली का सेवन सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद माना गया है। आयुर्वेद के अनुसार, मूली तीनों दोषों को शांत करती है। इसकी तासीर बहुत गर्म होती है। अगर किसी का वात बहुत ज्यादा बढ़ा हुआ है। कहने का मतलब है कि किसी को भूख ठीक लगती है या कभी भूख लगती ही नहीं, तो इन लोगों को मूली से परहेज करना चाहिए। क्योंकि ये वात को बढ़ाकर गैस्ट्रिक समस्याएं पैदा कर सकती है। एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आपका पेट ज्यादा सूखता है, तो आपको मूली खाने से बचना चाहिए। वहीं जिन लोगों के पेट में एसिड ज्यादा बनता है या जिनका पित्त बढ़ा हुआ है, तो वे इसे घी के साथ खा सकते हैं। लेकिन इसे कच्ची नहीं खानी चाहिए। अगर स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी नहीं है, तो इसे सलाद के रूप में खाना बहुत अच्छा है। अगर अग्नि कफ से संबंधित है, तो आप इसे कच्ची खा सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि लंच से पहले इसका सेवन कर लें। इससे आपको कोई नुकसान नहीं होगा और न ही इसे खाने के बाद गंदी डकार आएगी। सबसे जरूरी बात है कि मूली कभी भी खाली पेट नहीं खानी चाहिए। रात में मूली का सेवन अच्छा नहीं है। बेहतर लाभ के लिए आपको मूली हमेशा सर्दियों के दिनों में खानी चाहिए।



अगला संस्करण अक्टूबर-नवंबर 2027 में होगा

टूर्नामेंट का अगला संस्करण अक्टूबर–नवंबर 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। जून 2024 में वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाला टी–20 विश्व कप, आईसीसी का अगला प्रमुख मेंस इवेंट होगा। इस आयोजन में पहली बार 20 टीमें शामिल होंगी।

## वर्ल्ड कप न जीतने के बावजूद भारत ने बनाया रिकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत में हाल में संपन्न हुए वनडे विश्व कप के मैचों को 12 लाख 50 हजार दर्शकों ने स्टेडियम में जाकर देखा जो हर चार साल में होने वाली इस प्रतियोगिता का नया रिकॉर्ड है।ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में भारत को छह विकेट से हराकर छह सप्ताह तक चलने वाली यह प्रतियोगिता जीती जो उसका छठा खिताब है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को बताया कि इस टूर्नामेंट को कुल 1,250,307 दर्शकों ने स्टेडियम में जाकर देखा। टूर्नामेंट में जब छह मैच बचे थे तभी दर्शकों का आंकड़ा 10 लाख की जादुई संख्या को पार कर चुका था। विश्व कप में दर्शकों का यह आंकड़ा नया रिकॉर्ड है। उसने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2015 में खेले गए विश्व कप के आंकड़े को पीछे छोड़ा, जिसमें कुल 10,16,420 दर्शक आए थे। इंग्लैंड और वेल्स में 2019 में खेले गए विश्व कप को 7,52,000 दर्शकों ने स्टेडियम में जाकर देखा था। भारत में खेले गए विश्व कप में कुल 10 टीम ने हिस्सा लिया था, जिन्होंने राउंड रॉबिन आधार पर एक दूसरे से मैच खेले। सेमीफाइनल और फाइनल सहित टूर्नामेंट में कुल 48 मैच खेले गए और इस तरह से प्रति मैच दर्शकों की संख्या लगभग 26,000 रही।

# विश्व कप में 106 रन बनाने वाले सूर्यकुमार यादव का प्रमोशन

**क्रिकेट**

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टी 20 सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आईसीसी विश्व कप के 2023 बुरी तरह फेल रहे सूर्यकुमार यादव को भारतीय क्रिकेट बोर्ड और सिलेक्टरों ने प्रमोशन करते हुए नई जिम्मेदारी दी है। बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टी 20 सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा की। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज 23 नवंबर को विशाखापत्तनम में शुरू होने वाली है और इस दौरान सूर्यकुमार यादव टीम की कप्तानी करते दिखेंगे। हार्दिक पंड्या चोट की वजह से बाहर हैं, जबकि रोहित शर्मा सहित कई सीनियर इस सीरीज का हिस्सा नहीं हैं।

विश्व कप में सिर्फ 106 रन बनाने वाले सूर्या टूर्नामेंट को भुलाना चाहेंगे। विश्व कप से पहले उन्हें



टीम के लिए एक्स फैक्टर कहा जा रहा था, लेकिन वह उस लेवल पर परफॉर्म नहीं कर सके। अब माना जा रहा है कि उनका वनडे करियर भी खतरे में है। हालांकि, इस बीच कप्तानी मिलने से सूर्या से उम्मीद होगी कि वह अपने पसंदीदा फॉर्मेट में फ्रंट फुट पर खेलें। दूसरी ओर, रिपोर्ट है कि पंड्या को छह से आठ सप्ताह के आराम की सलाह दी गई है।

श्रेयस अय्यर रायपुर और बेंगलुरु में आखिरी दो टी 20 आई के लिए उपकप्तान के रूप में टीम में शामिल होंगे, जबकि रुतुराज गायकवाड़ शुरुआती 3 मैचों में उपकप्तान होंगे। अब देखने वाली बात यह है कि सूर्या इस प्रमोशन का फायदा उठाते हुए अपने प्रदर्शन को जारी रख पाते हैं या नहीं। क्योंकि यहां से चीजे बदलती जाएंगी। हालांकि, भारत ने 50 ओवर के विश्व कप के समापन के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देने का विकल्प चुना है। चोट के कारण आईसीसी विश्व कप 2023 से चूकने के बाद ऑलराउंडर अक्षर पटेल सफेद गेंद टीम में लौट आए हैं। अक्षर की भी वापसी हुई है, जबकि ईशान किशन और जितेश शर्मा के रूप में 2 विकेटकीपर चुने हैं, जबकि सुपरस्टार संजू सैमसन को ऑस्ट्रेलिया टी20 के लिए थिंक टैंक द्वारा नजरअंदाज कर दिया गया। टी20 सीरीज के मैच विशाखापत्तनम, तिरुवनंतपुरम, गुवाहाटी, रायपुर और बेंगलुरु में खेला जाएगा।

# फाइनल में रोहित की यह गलती पड़ी टीम इंडिया को भारी?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वर्ल्ड कप ट्रॉफी को जीतने का सपना 12 साल बाद भी साकार नहीं हो सका। वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के हाथों 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। खिताबी मुकाबले में मिली टीम इंडिया को हार के लिए पूर्व दिग्गज बल्लेबाज अलग–अलग कारण बता रहे हैं। गावस्कर और सहवाग ने कोहली और राहुल के बीच हुई 67 रन की धीमी साझेदारी को हार का कारण बताया, तो हरभजन का कहना है कि अहमदाबाद की पिच भारतीय टीम के लिए ही काल बन गई। इस कड़ी में अब गौतम गंभीर और वसीम अकरम का बयान सामने आया है। गंभीर और अकरम सूर्यकुमार यादव के बैटिंग

#### क्यों हुआ सूर्या का बैटिंग ऑर्डर चेंज?

ऑर्डर से हुई फाइनल मैच में छेड़छाड़ से बेहद नाराज नजर आए।

भारत के पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर ने स्पोर्ट्सकीड़ा के साथ बातचीत करते हुए सूर्या को नंबर छह की जगह पर सात पर बैटिंग करने के फैसले की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा, मुझे समझ नहीं आया कि जडेजा को सूर्यकुमार यादव से ऊपर क्यों भेजा गया। क्यों सूर्या को नंबर सात पर डिमोट किया गया? मेरे हिसाब से यह फैसला एकदम सही नहीं था।

गौतम गंभीर के साथ–साथ पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम को भी सूर्यकुमार यादव का बैटिंग ऑर्डर चेंज करने का फैसला रास नहीं आया। उन्होंने कहा, मेरा मतलब यह है कि वह टीम में बतौर बल्लेबाज खेल रहे थे। मैं इस मूव तो तब समझ सकता था, जब टीम में हार्दिक पांड्या मौजूद होते।

गौतम गंभीर ने आगे कहा कि अगर सूर्या को फाइनल मैच में नंबर छह पर भेजा गया होता, तो शायद चीजें कुछ और होतीं। गंभीर ने आगे कहा, एक एक्सपर्ट के लिए यह कहना बेहद आसान है कि सूर्यकुमार संघर्ष कर रहे थे, लेकिन प्लेयर का माइंडसेट होता है कि अगर वह आउट हो गए, तो अगले बल्लेबाज मोहम्मद शमी, बुमराह और सिराज होंगे। हालांकि, अगर सूर्या को यह पता होता कि अगले बल्लेबाज के रूप में जडेजा आएंगे, तो उनका माइंडसेट कुछ और होता।

### पूरा देश आपके साथ खड़ा हैः पीएम मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद सभी भारतीय खिलाड़ियों का दिल टूट चुका है। इस हार के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में शिरकत की और सभी खिलाड़ियों को हौसला भी बढ़ाया। सोशल मीडिया पर पीएम मोदी का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह कप्तान रोहित–कोहली से लेकर जडेजा, शमी तक हर खिलाड़ियों से मिलते हुए और उनसे बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। दरअसल, पीएम मोदी ने विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद भारतीय टीम के खिलाड़ियों से खास मुलाकात की। पीएम मोदी ने कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के कंधे पर हाथ रखकर उन्हें हिम्मत दी। उन्होंने इस दौरान कहा कि आप लोग पूरा 10–10 गेम जीतकर आए हो, यह तो होता रहता है। खुश रहिये। पूरा देश आपको देख रहा है। मैंने सोचा मैं आप सबसे मिल लूं। रवींद्र जडेजा की तरफ देखा और उन्हें कहा क्या बाबू... इतना ही सुनते जडेजा उनके पास आए।

## न्यूज डायरी



### भारत की हार पर शाहिद अफरीदी ने उगला जहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के हाथों 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, पूरे टूर्नामेंट में रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम का खेल उम्दा रहा। यही वजह है कि कप्तान रोहित और उनकी टीम पर हार के बावजूद पूरा देश नाज कर रहा है। इस बीच, पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने भारत के प्रदर्शन को लेकर ऐसा बयान दे डाला है, जो किसी भी भारतीय क्रिकेट फैन को रास नहीं आएगा। अफरीदी का कहना है कि ओवर कॉन्फिडेंस के चलते रोहित की सेना को खिताबी मुकाबले में हार का मुंह देखना पड़ा। शाहिद अफरीदी ने पाकिस्तान के चौनल समा टीवी पर बातचीत करते हुए कहा, ष्जब आप लगातार गेम जीत रहे होते हैं, तो ओवर कॉन्फिडेंस भी ज्यादा हो जाता है। तो यह चीज आपको मरवा देती है। भारतीय टीम ने विश्व कप 2023 में लगातार 10 मैचों में जीत दर्ज करते हुए फाइनल का टिकट कटाया था। रोहित की पलटन का प्रदर्शन जोरदार रहा था और हर बड़ी टीम पर भारतीय टीम हावी नजर आई थी। शाहिद अफरीदी ने भारतीय क्रिकेट फैन्स पर ट्रेविस हेड को चीयर ना करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ष्मुझे लगता है कि अपने करियर के दौरान हम सभी ने इसका सामना किया है।

### पाकिस्तान टीम से जुड़े दो पूर्व दिग्गज, मिली अहम जिम्मेदारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम का सफर लीग स्टेज में ही खत्म हो गया था। पाकिस्तान टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई थी। अपने खराब प्रदर्शन के चलते लगातार पाकिस्तान टीम को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। बाबर आजम ने जहां तीनों फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ी, तो वहीं इसके बाद शान मसूद को टेस्ट और शाहीन अफरीदी को टी–20 का कप्तान बनाया गया। इस कड़ी में हाल ही में पीसीबी ने ये जानकारी दी कि पाकिस्तान टीम की गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी अब दो पूर्व खिलाड़ियों को दी गई है। सईद अजम स्पिनर्स के कोच और उमर गुल तेज गेंदबाजों पर ध्यान देंगे। दरअसल, उमर गुल और सईद अजमल दोनों ही खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार क्रिकेट खेला हैं। दोनों गी खिलाड़ियों को पीसीबी ने ये अहम जिम्मेदारी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले दी है। पेस बॉलिंग कोच उमर गुल पर पेस बॉलिंग की जिम्मेदारी रहेगी। वनडे विश्व कप 2023 में पैस बैटरी के फ्लॉप होने के बाद उन्हें इसे फिर से वापस लाने के लिए खिलाड़ियों को काफी मेहनत करानी होगी।

### मैक्सवेल की इंडियन वाइफ को बुरा–भला कहने वालों पर भड़के हरभजन सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वर्ल्ड कप 2023 में भारत का ऑस्ट्रेलिया से हारना निश्चित रूप से भारत के क्रिकेट प्रशंसकों को निराश कर गया है। फैंस रोते दिखे तो कुछ फैंस अपना आपा खो बैठे और ऐसी गलती कर बैठे, जो हमेशा अपमानजनक होता है। कुछ फैंस ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल की भारतीय मूल की पत्नी विनी रमन को ट्रोल किया। इस पर विनी ने पोस्ट शेयर करते हुए करारा जवाब भी दिया था। अब इस पर हरभजन सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट लिखते हुए लताड़ लगाई है। उन्होंने लिखा– ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट खिलाड़ियों के परिवार के सदस्यों को ट्रोल करने की खबरें पूरी तरह से खराब हैं। हमने अच्छा खेला, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टीम से बेहतर क्रिकेट के कारण फाइनल हार गए... इतना ही। खिलाड़ियों और उनके परिवारों को ट्रोल क्यों किया जाए? सभी क्रिकेट प्रशंसकों से अनुरोध है कि वे इस तरह का व्यवहार बंद करें। गरिमा अधिक महत्वपूर्ण हैं। इससे पहले विनी ने लिखा, मेलबर्न – सिंगापुर – दिल्ली – धर्मशाला – अहमदाबाद – मुंबई – पुणे – कोलकाता –अहमदाबाद – सिंगापुर – मेलबर्न... एक जीवन भर की यात्रा जिसे लोग याद नहीं रखेंगे...। यह सच है कि एक भारतीय होने के नाते वह देश का समर्थन भी कर सकती हैं, जहां उसका जन्म हुआ और उससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उसके पति और उसके बच्चे के पिता जिस टीम में खेलते हैं। #nobrainer.. शांत हो जाइए गोली मारो... फोकस करने के लिए उससे कहीं अधिक मुद्दे हैं।

हमारा दून

शीतलहरी से बचाव एवं तैयारी पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेते हुए डीएम।



## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने शीतऋतु में शीतलहरी से बचाव एवं तैयारी पर की समीक्षा बैठक

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने शीतऋतु में शीतलहरी से बचाव एवं तैयारी के दृष्टिगत ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नगर निगम देहरादून के अधिकारियों तथा कतिपय विभागों के सक्षम अधिकारियों द्वारा बैठक में प्रतिभाग न किए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित कार्यालय अध्यक्षों को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि अपने स्तर पर संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए अपने–अपने क्षेत्र में रैनबसेरे में व्यवस्थाएं देख लें तथा शीतलहरी के दृष्टिगत अस्थाई रेन बसेरे का भी चयन कर लें।

### मिनिस्टीरियल कर्मियों ने दी अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

**संवाददाता** ऋषिकेश। पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी लाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर मिनिस्टीरियल कर्मचारियों का आंदोलन जारी है। मंगलवार को मिनिस्टीरियल कर्मियों ने परिवहन विभाग के वर्कशॉप परिसर में गेट मीटिंग की। उन्होंने मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी। मंगलवार को मिनिस्टीरियल फेडरेशन ऑफ सर्विसेज एसोसिएशन शाखा ऋषिकेश के सदस्यों ने नटराज चौक के समीप परिवहन विभाग के वर्कशॉप परिसर में गेट मीटिंग की। कुछ देर बाद उन्होंने काला फीता बांधकर कामकाज शुरू कर दिया।

### लोक संस्कृति व परंपराओं का प्रतीक है ईगास पर्व: मेयर

**संवाददाता** ऋषिकेश। लोकपर्व ईगास 23 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। ईगास पर्व के सफल आयोजन के लिए मेयर अनिता ममगाईं ने भाजपाइयों के साथ बैठक की। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया। मंगलवार को दून मार्ग स्थित कैंप कार्यालय में मेयर अनिता ममगाईं ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

### 450 रुपये प्रति कुंतल गन्ना मूल्य घोषित करे सरकार

**संवाददाता** डोईवाला। कांग्रेस ने गन्ना मूल्य घोषित नहीं किए जाने पर आक्रोश जताया है। उन्होंने सीएम को ज्ञापन भेजकर चेताया कि जल्द ही गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया गया, तो आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने प्रति कुंतल गन्ना मूल्य 450 रुपये घोषित करने की मांग उठाई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील में एसडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि एक तरफ सरकार कहती है कि किसानों की आय दुगनी की जाएगी।

# 30 नवंबर तक सड़कों को गड्ढा मुक्त न करने पर नपेंगे अफसर, होगी कार्रवाई

**निर्देश**

■ सीएम ने सचिव लोक निर्माण विभाग एवं अन्य सर्कल ऑफिसरों को सड़कों का स्थलीय निरीक्षण करने के दिये निर्देश

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में लोक निर्माण विभाग की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि 30 नवम्बर तक सड़को को पूर्ण रूप से गड्ढा मुक्त बनाया जाय। सचिव लोक निर्माण विभाग एवं अन्य सर्कल ऑफिसर सड़कों का स्थलीय निरीक्षण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्धारित समयावधि में सड़को के गड्ढा मुक्त न होने की स्थिति में और कार्यों के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों पर मौके पर ही निलंबन की कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे कभी भी सड़कों के निर्माण कार्यों एवं पैच वर्क से संबधित कार्यों का औचक निरीक्षण कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्मार्ट सिटी के कार्यों और आतंरिक सड़क मार्गों के कार्यों में भी युद्धस्तर पर कार्य किये जाएं। शहर में सड़कों के निर्माण कार्य रात्रि के समय तेजी से किये जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये जो भी सड़के बनाई जा रही हैं, उनमें गुणवत्तापूर्वक कार्य हो, इसकी निगरानी के लिए सचिव लोक निर्माण विभाग को नोडल अधिकारी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जहां पर भी निर्माण कार्य प्रगति पर है वहां पर बैरिकेटिंग सही तरह से लगे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि लोगों को आवागमन के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। सड़कों पर डिवाईडर, रिफ्लेक्टर, साइनेज लाईटिंग की अच्छी व्यवस्थाएं रखने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और आपदा प्रबंधन पर 6वीं अन्तरराष्ट्रीय कांग्रेस दो बड़े आयोजन होने इसके दृष्टिगत भी सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों में पानी का बहाव अधिक होता है, ऐसे क्षेत्रों में व्हॉइट टापिंग तकनीक का प्रयोग किया जाए। सड़कों से संबंधित जो भी योजनाएं बनाई जा रही हैं, वे आगामी 50 साल की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह भी सुनिश्चित किया जाए की सड़कों पर बिजली के तार न झूल रहे हों। सड़कों के चौड़ीकरण के दौरान बिजली के पोल को भी सड़कों से बाहर शिफ्ट किया जाए। सड़कों पर किसी को भी अतिक्रमण न करने दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में पर्यटन एवं तीर्थाटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। राज्य में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या में हर साल तेजी से वृद्धि हो रही है। इसके लिए रोड कनेक्टिविटी का मजबूत होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सड़कों के विस्तार और विद्युत उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए हमें तेजी से आगे बढ़ना होगा।

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, अपर सचिव श्री विनीत कुमार, नगर आयुक्त देहरादून मनुज गोयल एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### सिलक्यारा में राहत एवं बचाव में जुटी एजेंसियों को दी जाए हर संभव मदद

मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि सिलक्यारा उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सुरंग में फंसे श्रमिकों के राहत एवं बचाव कार्यों में लगी एजेंसियों को हर संभव मदद दी जाए। श्रमिकों के परिजनों से भी निरंतर समन्वय स्थापित कर उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। जिला प्रशासन उत्तरकाशी के साथ लगातार समन्वय बनाकर किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर शीघ्र सहायता करने के भी निर्देश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग राहत और बचाव कार्य में लगी टीमों के साथ समन्वय बना कर रखें।

# श्रमिकों के बाहर निकलते ही उपलब्ध कराई जाएगी स्वास्थ्य सुविधा

**निरीक्षण**

■डीजी हेल्थ ने सीएचसी चिन्यालीसौड़ का किया दौरा

■आईसीयू, वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट, लैब, दवाइयों का किया निरीक्षण

**संवाददाता**

देहरादून। सिलक्यारा सुरंग हादसे को देखते हुए उत्तरकाशी में स्वास्थ्य विभाग के अफसर, कर्मचारियों के अवकाश पर रोक लगा दी गई है। जो अवकाश पूर्व में स्वीकृत किए गए हैं, उन्हें रद्द कर दिया गया है। डीजी हेल्थ डा. विनिता शाह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ का निरीक्षण कर तैयारियों को परखा। साफ किया कि सुरंग से बाहर आते ही श्रमिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को सभी इंतजाम पुख्ता किए जाएं।

चिन्यालीसौड़ पहुंची डीजी हेल्थ ने स्वास्थ्य केंद्र में आईसीयू, सेमी क्रिटिकल वार्ड, जनरल वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट, पैथालॉजी लैब, औषधि भंडार और ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। इसके साथ ही केंद्र सरकार की ओर से प्रस्तावित 50 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण को जमीन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद अधिकारियों के साथ बैठक में डीजी हेल्थ ने कहा कि सिलक्यारा में चल रहे टनल रेस्क्यू होने तक जिले में कार्यरत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को अवकाश प्रदान न किया जाए। अवकाश पर गए कर्मचारियों का अवकाश भी रद्द कर दिए जाए।

कहा कि सिलक्यारा टनल रेस्क्यू होने के बाद मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाए। किसी भी तरह की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। समय रहते सभी इंतजाम कर लिए जाएं। उन्होंने सिलक्यारा टनल हादसे वाले स्थान का भी निरीक्षण किया।

इस अवसर पर निदेशक गढ़वाल मंडल डॉ प्रवीण कुमार, निदेशक, डॉ केके टम्टा, सहायक निदेशक डॉ विमलेश जोशी आदि मौजूद रहे।

### मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने किया सुरंग का निरीक्षण

उत्तरकाशी जनपद प्रभारी व कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल भी आज सिलक्यारा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने टनल का निरीक्षण किया। कहा कि हम बहुत जल्दी सफल होने वाले हैं। अभी तक पूरा अभियान सकारात्मक दिशा में जा रहा है। विपक्ष के आरोपों पर बोले कि ये वक्त राजनीति का नहीं है। विपक्ष को भी 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने की कामना करनी चाहिए। अगर विपक्ष के पास कोई सुझाव है तो हमे बताएं, हम अमल करेंगे।

### कांग्रेस उपाध्यक्ष ने भाजपा अध्यक्ष के बयान पर किया पलटवार

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी ने भाजपा पर असल ओबीसी विरोधी होने का आरोप लगाया। भाजपा अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा को अपने गिरेबां में झांकने की जरूरत है। चाहे संसद में महिला आरक्षण का मामला हो या जातीय जनगणना का, हर बार भाजपा ने ओबीसी विरोधी होने का सबूत पेश किया है। उपाध्यक्ष जोशी ने कहा कि कुछ महीने पहले ही जब संसद में महिला आरक्षण का बिल पास हो रहा था, तब कांग्रेस ने ओबीसी के लिए आरक्षण का प्रावधान करने की मांग की थी। भाजपा ने उस समय ओबीसी विरोधी होने का परिचय दिया। यही नहीं कांग्रेस पार्टी लगातार पूरे देश में जातीय जनगणना की मांग करती आ रही है, लेकिन भाजपा अपनी ओबीसी और दलित विरोधी नीति के चलते ऐसा नहीं होने दे रही है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।